सेवा में,

माननीय राव इन्द्रजीत सिंह जी,

माननीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री

भारत सरकार, नई दिल्ली।

विषय :- **<u>मेडिकल समस्या के आधार पर</u>** ट्रांसफर करने के संबंध में प्रार्थना पत्र|

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.), नई दिल्ली के ज्ञापन क्र. F.11055/PGT (HINDI) / LDC/2023/KVS (HQ)/ Estt-II) /7955 दिनांक 25.10.2023 के अंतर्गत सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा मे चयनित होने पर स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी) के पद पर मेरे पुत्र की पदोन्नति केन्द्रीय विद्यालय विरुधुनगर तमिलनाडु में हुई है। जो वर्तमान में रेवाड़ी से लगभग 2800 किमी दूर है। महोदय वें अक्टूबर 2021 में ही हार्ड स्टेशन से <u>छह वर्ष</u> के बाद स्थानांतरित हो कर आया हैं। महोदय निम्नलिखित कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मैं आपसे उसके ट्रांसफर के स्थान में परिवर्तन करने की प्रार्थना करना चाहता हूँ|

1. महोदय मेरा पुत्र **<u>हार्ट पेशेंट</u>** हैं | उनको एक बार हार्ट अटैक भी आ चुका है। महोदय दिनांक- 21-11-2019 को इस सम्बन्ध में उनकी (ANGIOGRAPHY) एंजियोग्राफी भी हो चुकी है जिसके अनुसार उसके हृदय में रक्त का संचार सुचारू रूप से नहीं हो पाता और उनको **<u>LV DYSFUNCTION</u>** की समस्या है,जिसके कारण अनियमित रूप से रक्त गाढ़ा होता जाता है| | वो इस सम्बन्ध में नियमित रूप से अनेक जाँच करा चुका हैं | जिसके सम्बंधित कागजात मैं संलग्न कर रहा हूँ|
2. महोदय साथ ही हम पति -पत्नी इस समय वृद्धावस्था में जीवन यापन कर रहे हैं तथा हम देखरेख के लिए पूर्णत: मेरे पुत्र पर ही निर्भर है| मेरी उम्र इस समय 78 वर्ष से ज्यादा हो चुकी है तथा सेना में रहते हुए मेरे पैरों में गोलियां लगने के कारण इस अवस्था में मेरे लिए चलना- फिरना भी संभव नहीं है| उम्र के इस पड़ाव पर हमें सहारे की अत्यंत आवश्यकता है तथा इस अवस्था में हम लम्बी दूरी की यात्रा नहीं कर पाते|

अतः महोदय से निवेदन है कि मेरे पुत्र की स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं की ओर ध्यान देते हुए उनका ट्रांसफर किसी नजदीक स्टेशन **<u>JAMNAGAR</u>**, DELHI, PUNE,

PATHANKOT, JUTOGH, VADODARA या NALETI में करने की कृपा करें। महोदय मैं और मेरा परिवार सदैव आपका ऋणी रहेगा|

महोदय निम्न स्टेशन पर पीजीटी हिंदी का पद रिक्त है।

1. JAMNAGAR

2. DELHI

3. PUNE

4. PATHANKOT

5. JUTOGH

6. VADODARA

7. NALETI

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त स्टेशन में से कोई एक स्टेशन या ये स्टेशन उपलब्ध न होने की दशा में कम से कम दिल्ली संभाग का कोई भी केंद्रीय विद्यालय प्रदान करने की कृपा करें ।

**मेरे पुत्र का कर्मचारी विवरण** -

नाम – RAJENDRA SINGH SHEKHAWAT

पीजीटी (हिंदी) के रूप में पदोन्नति केन्द्रीय विद्यालय- KENDRIYA VIDYALAYA VIRUDUNAGAR (तमिलनाडु)

कर्मचारी कोड- 58926

LDCE ROLL NO. 220311401020265    PANEL YEAR- 2020

माननीय महोदय जी मैं व मेरा परिवार सदैव आपसे जुड़ा हुआ है तथा भविष्य में भी आपके साथ जुड़े रहेंगें, बडी आशा व उम्मीद के साथ आपसे करबद्ध अनुरोध है कि मेरे पुत्र का उपयुक्त स्टेशन में से कोई एक स्टेशन या स्टेशन उपलब्ध न होने की दशा में कम से कम दिल्ली संभाग का कोई भी केंद्रीय विद्यालय प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

भवदीय,

राम सिंह पुत्र स्व. श्री सुरजन सिंह,
ग्राम जयसिंहपुर खेडा खण्ड बावल,
जिला- रेवाडी, हरियाणा।
मो. 9671604851